भगदड़ में बचाव

भगदड़ में घबराहट नहीं, सावधानी ज़रूरी

आगंतुक

क्या करें (Do's)

- हल्के और जरूरी सामान के साथ यात्रा करें। यदि डॉक्टर ने सलाह दी हो तो दवाइयां साथ अवश्य रखें।
- आयोजन में प्रतिभाग करने हेतु पंजीकरण कराएं।
- आयोजन स्थल के स्थान और लेआउट से परिचित हो जाएं एवं चिन्हित प्रवेश/निकास बिंदु, मार्ग, ठहरने / भोजन/ चिकित्सा सुविधाओं का उपयोग करें।
- आयोजक द्वारा जारी किए गए नियमों और दिशा-निर्देशों का पालन करें। जहाँ आगे अवरोध हो, वहाँ भीड़ होने पर आगे न बढ़ें।
- आपातकालीन संपर्क नंबर अपने पास नोट कर के रखें।

क्या न करें (Don'ts)

- कीमती सामान, अनावश्यक भोजन और कपड़े न ले जाएं।
- अजनबियों पर भरोसा न करें। अनाधिकृत स्थानों पर न रहें / न ही खाएं।
- सड़कों पर प्रवेश/निकास बिंदुओं पर आराम न करें साथ ही गंदगी न फैलाएं।
- भीड़ में धक्का देकर, लड़कर, उकसाकर अपनी सुरक्षा को खतरे में न डालें।
- घबराएं नहीं और अफवाहों पर न भरोसा करें और न ही फैलाएं।

भगदड़ में बचाव

भगदड़ में घबराहट नहीं, सावधानी ज़रूरी

आयोजक

क्या करें (Do's)

- अपने आगंतुकों की पूर्ण जानकारी रखें ।
- आगंतुकों को सुरक्षित, सुगम और यादगार अनुभव प्रदान करने की जिम्मेदारी लें और दायित्व स्वीकार करें।
- व्यापक भीड़ प्रबंधन योजना बनाए-

  (क) आयोजन स्थल पर मूलभूत सुविधाएं जैसे - पीने का पानी, शौचालय, विद्युत, साफ-सफाई, पब्लिक एड्रैस सिस्टम, खोया पाया केंद्र की पर्याप्त व्यवस्था रखें।

  (ख) आयोजन स्थल का ले-आउट, निकासी एवं प्रवेश मार्ग की जानकारी संवेदनशील जगहों पर अवश्य लगाएं।
- विभिन्न हितधारकों के साथ मिलकर कार्य करें। आपस में नियमित संचार बनाए रखें।
- प्रशासन द्वारा जारी किए गए दिशा-निर्देशों का अनुपालन करें।

क्या न करें (Don'ts)

- पूर्व की घटना-रहित आयोजन की सफलता के कारण संतुष्ट होकर शान्त न बैठें।
- यदि आप स्वयं ही स्थल व्यवस्था के बारे में आश्वस्त नहीं हैं तो कार्यक्रम का आयोजन रोक दें।
- होल्डिंग क्षेत्र और आवागमन मार्ग की क्षमताओं से अधिक आगंतुकों को प्रवेश न दें।
- धन की बचत हेतु सुरक्षा एजेंसियों से समझौता न करें।
- किसी आपात स्थिति के संकेत मिलने पर रिपोर्ट करने में विलंब न करें।

भगदड़ में बचाव

भगदड़ में घबराहट नहीं, सावधानी ज़रूरी

सुरक्षा एजेंसी

क्या करें (Do's)

- सभा के उद्देश्य का पता लगाने के लिए आयोजन स्थल का मूल्यांकन करें।
- कार्यक्रम स्थल / कार्यक्रम प्रबंधक को भीड़ प्रबंधन योजना तैयार करने में मदद करें।
- हितधारकों के साथ नियमित आंतरिक / वाह्य संचार बनाए रखें।
- विभिन्न भीड़ प्रबंधन गतिविधियों के लिए एनजीओ और नागरिक रक्षा की अन्य संसाधन टीम भी विकसित करें।
- भीड़ जोखिम जागरूकता अभियान चलाएं।
- औचक निरीक्षणों और मॉक ड्रिल को महत्व दें।

क्या न करें (Don'ts)

- यदि भीड़ प्रबंधन तैयारी में अग्नि निवारण, संरचनात्मक सुरक्षा, विद्युत, स्वच्छता, चिकित्सा, यातायात इत्यादि के क्षेत्र में कोई कमी है तो आयोजन करने की अनुमति न दें।
- कार्यक्रम स्थल के आसपास आर्थिक गतिविधियों और विस्थापन के संभावित प्रभाव को नजरअंदाज न करें।
- सामूहिक सभाओं के स्थान ऐसे हो, जहाँ लोग ज़िम्मेदारी से संसाधनों का उपयोग करें, और पर्यावरण को कम से कम नुकसान पहुँचे।
- बचाव और राहत में किसी के प्रति भेदभाव न करें।

भगदड़ में बचाव

भगदड़ में घबराहट नहीं, सावधानी ज़रूरी

मीडिया

क्या करें (Do's)

- यदि भीड प्रबंधन तैयारी में कमी दिख रही हो तो प्रशासन को सूचित करें ।
- कार्यक्रम / आयोजन स्थल पर भीड़ की निर्बाध आवाजाही के लिए रचनात्मक भूमिका अदा करें।
- क्या करें और क्या न करें तथा संभावित न्यूनीकरण योजनाओं और उनके सकारात्मक पहलुओं के बारे में पहले से व्यापक प्रचार करें।
- किसी घटना से पहले / के दौरान / के पश्चात समयबद्ध, वास्तविक और निष्पक्ष सूचना प्रदान करें।
- प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे बचाव, राहत और पुनर्वास कार्य का सकारात्मक प्रचार-प्रसार करें।

क्या न करें (Don'ts)

- पीडितों और उनके परिवारों की निजता का उल्लंघन न करें।
- व्यवसायिक लाभ प्राप्त करने के लिए अधूरी सूचना के आधार पर घटनाओं को सनसनीखेज न बनाए।
- भावनात्मक रूप से काम न करें, न उत्तेजित हों और न ही उत्तेजित करें।
- खुद निर्णय न लें।
- बचाव कार्यों में हस्तक्षेप न करें और न ही उसमें बाधा डालें।

उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जनहित में जारी

UTTAR PRADESH STATE DISASTER MANAGEMENT AUTHORITY

PICUP Bhawan, PICUP Bldg. Rd., Vibhuti Khand, Gomti Nagar, Lucknow, Uttar Pradesh 226010

E-mail: upsdma@gmail.com

Website: https://upsdma.up.nic.in

/upsdma1 /UP_SDMA /upsdma @upsdma

भगदड़ में बचाव हेतु आवश्यक जानकारी

आपदा हेल्पलाइन: 1070

पुलिस हेल्पलाइन: 112